हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 11 मार्च, 2022/20 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 43

प्रयोगशालाएं

2090 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बागवानी विभाग की कहां-कहां पर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं; ये कब खोली गई थीं व इन प्रयोगशालाओं में कितने पद स्वीकृत व रिक्त पड़े हैं; और

(ख) सरकार अन्य स्थानों पर ऐसी प्रयोगशालाओं को खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

मुख्य मन्त्री 1 बीघा योजना

2091 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मुख्य मन्त्री 1 बीघा योजना कब आरम्भ की गई व इस योजना का क्या उद्देश्य है; अब तक कितने लोगों को इस योजना का लाभ मिला है; लाभार्थियों का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

मल-निकासी योजनाएं

2092 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कितनी मल-निकासी योजनाएं स्वीकृत हैं; ब्यौरा योजनाओं के नाम, स्वीकृति का वर्ष एवं कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं पर कितना व्यय हुआ है; निर्माणाधीन मल-निकासी योजनाएं कब तक पूर्ण होंगी?

पदपूर्ति

2093 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छितकुल में प्रवक्ताओं के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

धनराशि

2094 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कोविड काल में दिनांक 01.02.2022 तक ज़िलाधीशों के माध्यम से तथा जनता के द्वारा दान-स्वरूप कितनी धनराशि सरकार को प्राप्त हुई है; ज़िलावार मुख्य मन्त्री राहत कोष में प्राप्त हुई धनराशि का ब्यौरा दें; और

(ख) प्राप्त धनराशि को किन-किन मदों में खर्च किया गया है; ब्यौरा दें?

हाउसिंग सब्सिडी

2095 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) प्रदेश में एस0टी0 के कुल कितने लोग बिना आवास के हैं जिन्होंने सब्सिडी के लिए

आवेदन किया है; इन्हें कब तक हाउसिंग सब्सिडी प्रदान कर दी जाएगी; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितने बेघरों को आवास दिए गए; इन बेघरों को कब तक आवास उपलब्ध करवा दिए जाएंगे; जिलावार व वर्षवार ब्यौरा दें?

मत्स्य उत्पादन

2096 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने सरकारी मत्स्य फार्म कार्यरत हैं व इनमें कितना उत्पादन किया जाता है; निजी मत्स्य फार्म कितने हैं; क्या वे सभी कार्यशील हैं या बन्द पड़े हैं; बन्द पड़े मत्स्य फार्मों का ब्यौरा दें?

योजनाओं का क्रियान्वयन

2097 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) एल0डब्ल्यू0एस0एस0 कनवेरा, खनोला व झालटू के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इन योजनाओं के निर्माण कार्यों में देरी के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें; और

(ख) इन योजनाओं का निर्माण कार्य कब आरम्भ हुआ था तथा इन्हें कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण कार्य

2098 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रनौल व पेखा के भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है; इन भवनों हेतु कितनी धनराशि जारी की गई है; और

(ख) क्या इन पाठशालाओं के भवनों का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

शहीद के नाम सड़क व पाठशाला

2099 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सिरमौर जिला के शहीद प्रशांत ठाकुर के नाम पर किसी सड़क व पाठशाला का नाम रखने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

व्यावसायिक शिक्षा

2100 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पाठशालाओं में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है व कितनी पाठशालाओं में यह शिक्षा प्रदान नहीं की जा रही है तथा सरकार द्वारा इस हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं व शेष पाठशालाओं में कब तक यह शिक्षा आरम्भ कर दी जाएगी; ब्यौरा पाठशालावार दें?

ग्रांट के मामले

2101 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक जिलाधीश ऊना के पास चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से कितने मामले विधायक, बी0डी0ओ0 तथा पंचायत प्रधानों के माध्यम से प्राप्त हुए; इनमें से कितने मामले स्वीकृत हुए व कितने लम्बित हैं; इस निर्वाचन क्षेत्र को कितनी ग्रांट इन मदों से प्राप्त हुई; स्वीकृत व लम्बित मामलों का ब्यौरा नामवार,पंचायतवार व धनराशि सहित दें?

Transfer of Employees

2102 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many Panchayat Secretaries, GRS, TA and JE have been transferred in the Shillai Block by the BDO; details of each transfer be provided; and

(b) is it a fact that in such cases the approval of the competent authority was taken; if not, reason thereof?

Transfer of Employees

2103 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 01.02.2022, how many Beldar, Chowkidar, Helper, Fitter and Mate have been transferred from Shillai Jal Shakti division; details of each person be provided?

Mukhya Mantri Lok Bhawan Yojna

2104 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of buildings under Mukhya Mantri Lok Bhawan Yojna in Shillai Assembly Constituency; Cheog in Gram Panchayat Kando Cheog in Tilordhar Block and Naya in GP Naya in Shillai Block; by when it will be completed?

प्रधानमंत्री आवास योजना

2105 **श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक शिमला ग्रामीण विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कितने आवेदकों को धनराशि आबंटित की गई व कितने आवेदकों को मिलनी शेष है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) कितने आवेदकों के आवेदन अस्वीकृत हुए; ब्यौरा नाम व कारण सहित दें?

बिजली के खम्भे

2106 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष में दिनांक 01.02.2022 तक हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सीमित के पास सुन्दरनगर

मण्डल में कितने बिजली के खम्भे लगाने की मांग आई थी तथा कितने खम्भे सुन्दरनगर मण्डल को दिए गए; शेष बचे बिजली के खम्भे कब तक प्रदान कर दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

राजकीय प्राथमिक पाठशाला अलसु

2107 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला अलसु की कितनी जमीन फोरलेन द्वारा अधिगृहित की गई व इस हेतु कितनी धनराशि मुआवजे के रूप में प्रदान की गई है तथा यह धनराशि वर्तमान में किसके अधीन है; पाठशाला के पास कितनी जमीन अब शेष है तथा क्या पाठशाला के भवन का निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कब तक कर दिया जाएगा?

अटल आदर्श विद्यालय

2108 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तलेली में अटल आदर्श विद्यालय की अधिसूचना कब जारी की गई; क्या भूमि विद्यालय के नाम हस्तांतरित कर दी गई है; यदि नहीं, तो जमीन विभाग के नाम कब तक कर दी जाएगी तथा इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

प्रधानमन्त्री आवास योजना

2109 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्ष, 2019 में प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पात्र लोगों के चयन के लिए सर्वे करवाया गया था; और

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण में कितने लोगों के नाम अन्तिम रूप में दर्ज किये गए; ब्यौरा नामवार व स्थानवार दें?

सब्जी मण्डी निर्माण

2110 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ज्वालामुखी सब्जी मण्डी का निर्माण कब किया गया था व इस पर कितनी धनराशि

व्यय की गई थी; विवरण दें; और

(ख) सब्जी मण्डी में कुल कितनी दुकानें आबंटित की गई हैं, कितनी दुकानों को आबंटित नहीं किया गया तथा आबंटित दुकानों से कितनी आय प्राप्त हो रही है; ब्यौरा दें?

वसूली योग्य धनराशि

2111 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जल शक्ति विभाग के विभिन्न मण्डलों के अन्तर्गत विभिन्न फर्म Contractor, Suppliers, Officers / Officials को advance payment, excess payment / recovery के कारण कितनी-कितनी धनराशि वसूली योग्य लम्बित है; वसूल की जाने वाली धनराशि का ब्यौरा कारणों सहित मण्डलवार दें?

Construction of School Buildings

2112 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many Senior Secondary School buildings in the Theog Assembly Constituency are yet under construction, and how much funds are required for their completion; provide year-wise alloted funds to these buildings since the laying of foundation of the building, have year-wise alloted funds to school buildings been transferred to any other buildings; if yes, has the SMC of the schools been taken into confidence; if not, reasons for the same; and

(b) how many such buildings (whose funds have been transferred) are unsafe for school children to study in, has any administrative authority of the Directorate of Education visited these Schools before transferring the funds; if not, the reasons for the same; in how many such schools are the classes being conducted in the open; details be given?

Status of School Children

2113 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state how many school children belong to the SC category, BPL, Single Girl Child, Children of Widows, in those schools whose funds are re-appropriated to other schools and the teaching

and non-teaching staff sanctioned and the present strength be given?

Computer Science Classes

2114 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) in how many schools the Government is imparting computer science classes and how many students have been enrolled, what fees is being charged from the students for these classes;

(b) is any receipt provided to the students for the fee deposited by them; if not, what are the reasons for the same and how this money is utilized; and

(c) does the Government propose to withdraw this fees?

मुख्य मंत्री आरोग्य पशुधन योजना

2115 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार "मुख्य मंत्री पशुधन योजना"के अन्तर्गत लगभग 400 नवगठित पंचायतों में वेटरिनरी फार्मासिस्ट (GPVA) की नियुक्ति करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पशु चिकित्सा सहायक

2116 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पशु पालन विभाग में अनुबंध आधार पर कार्यरत 507 पशु चिकित्सा सहायकों को कब तक नियमित करने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

2117 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) फतेहपुर विकास खण्ड में स्वीकृत व रिक्त पदों की संख्या का श्रेणीवार व आउटसोर्स कर्मचारियों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

टेंडर का ब्यौरा

2118 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सैंज घाटी में कार्यशील एच0पी0पी0सी0एल0 की सैंज परियोजना द्वारा कितने वर्क ऑर्डर / टेंडर के कार्य पूर्ण किए गए; ब्यौरा टेंडर प्रक्रिया सहित दें; और

(ख) किन-किन ठेकेदारों को यह वर्क ऑर्डर / टेंडर आबंटित किए गए; ब्यौरा नाम, पते व धनराशि सहित दें?

दैनिक भोगी नियमितीकरण

2119 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**ः

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिक्षा विभाग में कितने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया गया; ब्यौरा कार्यावधि सहित दें?

विश्राम गृह

2120 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बन्जार में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह नहीं है; यदि हां, तो सरकार कब तक यहां पर विश्राम गृह निर्माण करने का विचार रखती है?

Supply on Consignment Basis

2121 Sh. Ashish Butail (Palampur):

Will the **Food, Civil Supplies and Consumer Affairs Minister** be pleased to state :-
(a) is it a fact that tea and spices were supplied to HP Civil Supplies Corporation by Himachali Firms on consignment basis; if yes, details be given; and

(b) is it also a fact that the said commodities are now not being purchased from local industry on consignment basis; if so, details be given?

ट्राउट फार्मिंग

2122 **श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में कितने ट्राउट फार्म स्थापित किए गए; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) ट्राउट मछली बीमा योजना के अन्तर्गत कितने मछुआरों ने बीमा करवाया व सरकार ने इस बीमा धनराशि में क्या योगदान किया; बीमा धनराशि व कम्पनी का ब्यौरा दें?

Water Storage Tanks

2123 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-
(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many water storage tanks were completed in Palampur Assembly Constituency; details be given; and

(b) how many storage tanks are there, in which water is not being stored; reasons be given?

उठाऊ सिंचाई योजना ऊखू

2124 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता में स्वीकृत उठाऊ सिंचाई योजना गांव ऊखू की अद्यतन स्थिति क्या है; इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

केन्द्रीय विद्यालय

2125 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार द्वारा जिला हमीरपुर के बिझड़ (ढटवाल) क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु भूमि का

चयन कर लिया गया है; और

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा इस विद्यालय के निर्माण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं?

प्रयोगशाला

2126 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वर्ष 2016-17 में पशु पालन विभाग को उप-मण्डल स्तर पर लैबोरेटरी बनाने के लिए 2,40,000/- रुपये की धनराशि प्रति उप-मण्डलवार विभाग को दी थी; उसमें कितनी प्रयोगशालाएं बनाई जानी प्रस्तावित थीं; कितनी बनाई गईं व शेष कब तक बना दी जाएंगी; इन प्रयोगशालाओं में कितने टैस्ट किए गए तथा रासायनिक विभाग द्वारा अब तक कितने टैस्ट खरीदे गए; उनकी वैधता कितनी है; ब्यौरा दें?

बंदोबस्त कार्य

2127 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बंदोबस्त कार्य कहां-कहां व कब से हो रहा है; बंदोबस्त कार्यालयों में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; बन्दोबस्त कार्य को कब तक निपटा दिया जाएगा?

क्षतिग्रस्त स्कीमें

2128 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि किरतपुर-नेरचौक फोरलेन मार्ग के निर्माण कार्य हेतु श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की बैहल, कौड़ावाली, री, स्वाहन तथा टरवाड ग्राम पंचायतों में पेयजल बावड़ियाँ, हैंडपम्प व पीने-के-पानी के स्त्रोत सूख गए हैं; यदि हां, तो पीने-के-पानी की जो योजनाएं चल रही हैं, उनमें से कितनी क्षतिग्रस्त हुईं; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या एन0एच0ए0आई0 ने इस सन्दर्भ में कोई धनराशि विभाग के पास जमा करवाई है; यदि हां, तो कितनी; ब्यौरा दें?

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ी

2129 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ी के भवन निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

जल शक्ति मण्डल

2130 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल शक्ति विभाग का नया उप-मण्डल खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

2131 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा जिला के अन्तर्गत बागवानी विभाग में एच0डी0ओ0 व एच0ई0ओ0 के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

सर्कल का स्थानान्तरण

2132 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर में एच0आई0डी0 के दो सर्कल हैं; यदि हां, तो सरकार जोगिन्द्रनगर से एक एच0आई0डी0 सर्कल को चम्बा में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

यशपाल शर्मा,
सचिव।